संख्या:77/2023/1430/35-4-2023/001-35-4099/357/2021

प्रेषक,

डॉ0 संजीव भारद्वाज,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
वाराणसी।

नियोजन अनुभाग-4 दिनांक: 13 फरवरी, 2023

विषय: वित्तीय वर्ष 2022-23 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि त्वरित आर्थिक विकास योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 में जनपद-वाराणसी में शासनादेश सं0-424/2021/2301/35-4-2021, दिनांक 11 दिसम्बर, 2021 द्वारा सड़क निर्माण से सम्बंधित 19 कार्यों की अनुमोदित लागत रू. 296.77 लाख पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त के रूप में रू. 202.14 लाख की धनराशि अवमुक्त की गई थी। जिलाधिकारी, वाराणसी के पत्रांक-662/त्व0आ0वि0यो0/2022-23, दिनांक 09 नवम्बर, 2022 द्वारा उक्त शासनादेश से स्वीकृत कार्यों में से 07 कार्यो हेतु पूर्व में अवमुक्त की गई धनराशि रू. 105.00 लाख का पूर्ण व्यय होना इंगित गया है। एतद्द्वारा उपर्युक्त शासनादेश से स्वीकृत धनराशि को समायोजित करते हुए देय अवशेष धनराशि रू. 94.63 लाख (रूपये चौरानब्बे लाख तिरसठ हजार मात्र) की धनराशि निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(रू. लाख में)

	कार्य का नाम	**अनुमोदित लागत**	**पूर्व मे अवमुक्त धनराशि**	**अवमुक्त धनराशि**
1	सामनेघाट गढ़वा घाट मुख्य मार्ग पर एल0जी0सोरूम से पटेल नगर मुख्य मार्ग तक सड़क निर्माण का कार्य	30.35	15.00	15.35
2	पटिया में जानकी नगर कालोनी में लेन संख्या- 1 में श्री के0के0 सिंह जी के आवास से श्री साकेत कुशवाहा जी के आवास तक सड़क निर्माण का कार्य व लेन संख्या-2 में हनुमान मंदिर से श्रीमती शशि किरन उपाध्याय के आवास तक इण्टरलॉकिंग सड़क निर्माण का कार्य।	43.18	15.00	28.18
3	ग्राम सभा भीटी में श्री पप्पू गुप्ता जी के आवास होते हुए श्री विरोधा सिंह से शीतला जी मन्दिर तक पिच रोड निर्माण का कार्य।	23.87	15.00	8.87
4	भगवानपुर के बालाजी एक्टेन्सन में अरविन्द कुमार जी के आवास से दयावंती त्रिपाठी जी के आवास तक, अरविन्द राय जी के आवास से डा0 प्रभा उपाध्याय जी आवास तक, श्री रजनीश जी के आवास से होते हुए श्री मधुसूदन दादा से श्री प्रहलाद जी के आवास तक इण्टरलॉकिंग सड़क निर्माण का कार्य	16.92	15.00	01.92
5	ब्रिज इन्क्लेव कालोनी में गुरू कृपा अपार्टमेन्ट से धैर्य अपार्टमेन्ट तक सड़क निर्माण का कार्य	31.49	15.00	16.49
6	नेवादा वार्ड में सुन्दरपुर करौदी लिंक मार्ग पर यादव बस्ती, हरिजन बस्ती, पटेल बस्ती, पाल बस्ती, नट बस्ती से होते हुए गणेश धाम लिंक मार्ग तक व अंजनीपुरम को जोड़ने वाले मार्ग तक सड़क निर्माण का कार्य	30.52	15.00	15.52
	बजरडीहा वार्ड में आवास संख्या-एन-12/275 श्री गोपाल सोनवर्षा के आवास से आवास संख्या-एन-12/236 तक इण्टरलॉकिंग सड़क निर्माण का कार्य।	23.30	15.00	8.30
	योग:	**199.63**	**105.00**	**94.63**

1- सन्दर्भित शासनादेश दिनांक 11 दिसम्बर, 2021 की शर्तें यथावत लागू रहेगी।

2- प्रश्नगत कार्य हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशि नियमानुसार संबंधित जनपद के जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा जिलाधिकारी की अनुमति से कोषागार से आहरित कर कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करा दी जायेगी।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है। अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

3- परियोजना के लिये स्वीकृत धनराशि ब्याज अर्जित करने के उद्देश्य से आहरित कर बैंक/डाकघर में नहीं रखी जायेगी। प्रश्नगत धनराशि आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी और तदनुसार कार्यदायी संस्था को धनराशि अवमुक्त की जायेगी।

4- कार्यो को मानकों के अनुरूप पूर्ण गुणवत्ता के साथ स्वीकृत लागत में ही पूर्ण किया जायेगा और लागत वृद्धि अनुमन्य नहीं होगी।

5- स्वीकृत धनराशि का आहरण कर सदुपयोग सुनिश्चित किया जायेगा और यदि कोई धनराशि अप्रयुक्त/अनाहरित बचती है तो उसे 31 मार्च, 2023 से पूर्व समर्पित किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि का पूरा लेखा-जोखा 31 मार्च, 2023 तक नियोजन अनुभाग-4 को प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

6- राजकोष से आहरित धनराशि का त्रैमासिक आधार पर मिलान महालेखाकार उ0प्र0 में अनुरक्षित लेखों से अनिवार्यत: कराया जायेगा तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात 3 माह में अर्थात 30 जून,2023 तक स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष हुए व्यय का महालेखाकार द्वारा सत्यापित विवरण नियोजन विभाग को प्रेषित किया जायेगा।

7- वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए स्वीकृत आय-व्ययक के सापेक्ष उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय करते समय वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या: 13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022 दिनांक-07 जून, 2022 में उल्लिखित शर्तो एवं निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 94,63,000 (रूपये चौरानब्बे लाख तिरसठ हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 040 लेखाशीर्षक 5054043370304 शहरी क्षेत्रों में सड़कों के चालू कार्यों एकमुश्त व्यवस्था मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022 दिनांक-07 जून, 2022 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(डा0 संजीव भारद्वाज)
संयुक्त सचिव।

संख्या:77/2023/1430(1)/35-4-2023/001-35-4099/357/2021 तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2- महालेखाकार, लेखापरीक्षा, प्रथम एवं द्वितीय, प्रयागराज।
3- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, लोक निर्माण/ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग।
4- अपर मुख्य सचिव, वित्त एवं वित्त आयुक्त।
5- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव/विशेष सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0।
6- निजी सचिव, मा. मुख्यमंत्री जी ।
7- मण्डलायुक्त, वाराणसी मण्डल।
8- निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग,लखनऊ।
9- मुख्य विकास अधिकारी, वाराणसी।
10-मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी वाराणसी।
11-वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-5
12- जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, वाराणसी।
13- अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, वाराणसी ।
14- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(डा0 संजीव भारद्वाज)
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है। अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in